# प्रथम खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2025

## चर्चा में क्यों?

**प्रथम** **खेलो इंडिया** **वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल** (KIWSF) 21 से 23 अगस्त 2025 तक **डल झील** में आयोजित किया जाएगा, जिसमें 400 से अधिक प्रतिभागी **रोइंग, कैनोइंग और कयाकिंग** में प्रतिस्पर्द्धा करेंगे।

- गुलमर्ग में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के बाद यह जम्मू-कश्मीर में दूसरा खेलो इंडिया आयोजन होगा, जिससे यह क्षेत्र भारत के शीतकालीन खेल केंद्र के रूप में स्थापित हो जाएगा।

## मुख्य बिंदु

- **स्पोर्ट्स फेस्टिवल के बारे में:**
  - KIWSF 2025 का आयोजन सरकार की **खेलो भारत** पहल के तहत **भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI)** और **जम्मू-कश्मीर खेल परिषद** द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।
- **उद्देश्य:**
  - **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य **ज़मीनी स्तर** पर खेलों का विस्तार करना, **स्थानीय रोजगार सृजित** करना और **अवसंरचना का आधुनिकीकरण** करना है।
- **प्रतियोगिताएँ:**
  - यह पहली समेकित ओपन-एज श्रेणी चैंपियनशिप होगी, जिसमें सभी 14 कयाकिंग और कैनोइंग प्रतियोगिताएँ तथा 10 रोइंग प्रतियोगिताएँ **ओलंपिक** **प्रतियोगिताएँ** होंगी।
  - इसके अलावा तीन प्रदर्शन कार्यक्रम भी होंगे - वाटर स्कीइंग, शिकारा बोट स्प्रिंग और ड्रैगन बोट रेस।
- **योग्यता:**

  - टिहरी (उत्तराखंड) में नवंबर 2024 में आयोजित कयाकिंग और कैनोइंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता क्वालीफायर के रूप में आयोजित की गई थी, जिसमें एकल तथा युगल में शीर्ष 15 तथा चतुर्थ वर्ग में शीर्ष आठ खिलाड़ी KIWSF में पहुँचे थे।
  - नौकायन में, मार्च 2025 में भोपाल में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शीर्ष आठ खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे।

- **प्रतिभागी:**

  - KIWSF में **36 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एथलीट शामिल होंगे,** जिसमें सेवा टीम शामिल नहीं होगी।
  - खेलों में **लगभग समान प्रतिनिधित्व होगा,** जिसमें 409 एथलीट पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा करेंगे, जिनमें 202 महिलाएँ शामिल होंगी।
  - **मध्य प्रदेश (44),** हरियाणा (37), ओडिशा (34) और केरल (33) का KIWSF 2025 में सबसे बड़ा दल होगा।
  - **गुजरात,** पुदुचेरी और पश्चिम बंगाल की टीमें सबसे छोटे दल होंगे।

## खेलो इंडिया

- भारत सरकार द्वारा **वर्ष 2017** में शुरू किये गए खेलो इंडिया का उद्देश्य ज़मीनी स्तर पर बच्चों को शामिल करके और विभिन्न खेलों के लिये बुनियादी ढाँचे तथा अकादमियों को बढ़ाकर देश की खेल संस्कृति को पुनर्जीवित करना है।
  - इस पहल की शुरुआत वर्ष 2018 में नई दिल्ली में **खेलो इंडिया स्कूल गेम्स** के साथ हुई थी और **वर्ष 2018 में** **भारतीय ओलंपिक संघ (IOA)** के शामिल होने के बाद, खेलों का नाम बदलकर **खेलो इंडिया यूथ गेम्स** कर दिया गया, जिसका पहला संस्करण वर्ष 2019 में पुणे में आयोजित किया गया था।
- **खेलो इंडिया आंदोलन** ने **खेलो इंडिया युवा खेल (KIYG)**, **खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल (KIUG)** और **खेलो इंडिया शीतकालीन खेल (KIWG)** को वार्षिक राष्ट्रीय खेल आयोजनों के रूप में पेश किया, जहाँ विभिन्न राज्यों तथा विश्वविद्यालयों के युवा अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं एवं पदक के लिये प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
- **खेलो इंडिया कैलेंडर** में एक नया शामिल, **खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल** और **खेलो इंडिया बीच गेम्स**, जो मई 2025 में दीव में आयोजित किये गए, इस पहल के तहत आयोजनों के विस्तार पर प्रकाश डालते हैं।

- **खेलो इंडिया यूथ गेम्स**, जो वर्ष 2018 में 18 खेलों के साथ शुरू हुआ था, वर्ष 2025 में बिहार में आयोजित होने पर 27 खेलों तक विस्तारित हो गया, जिसमें पुरुष और महिलाओं दोनों के लिये अंडर-17 तथा अंडर-21 श्रेणियों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं।
- **खेलो इंडिया सेंटर** पहल, **खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (KISCE)** योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारत में ज़मीनी स्तर पर खेल बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/first-khelo-india-water-sports-festival-2025